# कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ़ ।

**E-mail: dfopithoragarh@rediffmail.com , Fax/☎ 05964-225234**

पत्रांकः 5626 /12–1 दिनांक, पिथौरागढ़, 09 ~~फरवरी,~~ मार्च 2025।

सेवा में,

वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त,
उत्तराखण्ड, अल्मोड़ा।

**विषयः–** **जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत माड़ मर्सोली मोटर मार्ग का संगट्टा तक विस्तार कार्य हेतु 0.945 हे0 वन भूमि गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन के सम्बन्ध में (प्रस्ताव सं0 144679/2021)।**

**सन्दर्भः–** **प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड, देहरादून का पत्रांक 1907/12–1 दिनांक 27.01.2025 व इस कार्यालय का पत्रांक 2132/12–1 दिनांक 25.10.2024।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि प्रस्तावित मोटर मार्ग माड़ मर्सोली से संगट्टा तक विस्तार कार्य परियोजना प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, पिथौरागढ़ द्वारा प्रस्तावित की गयी है। पूर्व में इस कार्यालय के सन्दर्भित पत्र से प्रेषित सूचना में त्रुटिवश लोक निर्माण विभाग के स्थान पर ग्राम्य विकास विभाग अंकित हुआ है। अतः सूचित करना है कि विषयक परियोजना हेतु प्रयोक्ता एजेंसी लोक निर्माण विभाग है व उक्त प्रस्तावित 0.945 हे0 वन भूमि का लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन किया जाना है।

उक्त के अतिरिक्त बिन्दु संख्या 04 की सूचना ऑनलाईन पोर्टल पार्ट–1 एवं पार्ट–2 के अतिरिक्त सूचना में अपलोड कर दी गयी है।

अतः सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

**भवदीय,**

**(आशुतोष सिंह)**
प्रभागीय वनाधिकारी,
पिथौरागढ़ वन प्रभाग,पिथौरागढ़।